K24U 1729

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

NAVJYOTHI COLLEGE KANNUR DT. 670511 POST BAG No: 5, CHERUPUZHA

**Second Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc. (LRP)/B.M.M.C. Degree (C.B.C.S.S. – OBE – Regular/Supplementary/Improvement) Examination, April 2024**
**(2020 Admission Onwards)**
**Second Semester Integrated M.Sc. Degree (Reg./Supple./Imp.) Examination, April 2024**
**(2020 Admission Onwards)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08-2HIN- साहित्य और प्रयोग (Sahithya Aur Prayog)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) बिछड़े हुए – कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2) पंचलाइट – कहानी में प्रेमचन्द ने किन-किन बातों का उद्घाटन किया है ?

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

3) म्युनिसिपल अधिकारी के नाम गली की सफाई करने की ओर ध्यान देते हुए एक पत्र लिखिए ।

4) राजकमल प्रकाशन के प्रकाशक के नाम पुस्तकें माँगते हुए एक पत्र लिखिए ।

5) कॉलेज में आयोजित खेल दिवस के बारे में वर्णन करते हुए अपने बड़े भाई को एक पत्र लिखिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

6) बैंक में एक खाता खोलने के बारे में बैंक के प्रबन्धक के साथ एक वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) घर में आई धोबिन से एक वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्य में लिखिए । **(4×1=4)**

8) क्रिया माने क्या है ? उसके कितने भेद हैं ?

9) संज्ञा की परिभाषा लिखिए । उसके कितने भेद हैं ?

10) लिंग की परिभाषा लिखिए । उसके कितने भेद हैं ?

11) कारक की परिभाषा लिखिए । उसके कितने भेद हैं ?

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) आग में घी डालना –

13) उन्नीस बीस होना –

14) अपना उल्लू सीधा करना –

15) ऊँट के मुँह में जीरा –

16) छोटे मुँह बड़ी बात –

VI. किसी **एक** खंड़ का अंग्रेजी या मलयालम में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) अनुशासन एक छात्र को अनुकूल परिस्थितियों का सामना करने और जीवन के सभी क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने में सक्षम बनाता है । यह एक छात्र को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करता है और उसे पूरी अवधि के दौरान प्रेरित, ईमानदार और प्रेरित रखता है । यह चरित्र विकास में सहायता करता है और उचित सामाजिक व्यवहार को कायम रखता है । अनुशासन एक महत्वपूर्ण गुण है । अनुशासन मुक्त जीवन बिना पतवार के जहाज के समान होता है ।

18) हमेशा से कहा जाता रहा है कि 'आवश्यकता ही अविष्कार की जननी है', जैसे-जैसे मानव की आवश्यकता बढती गई, वैसे-वैसे उसने अपनी सुविधा के लिए अविष्कार करना आरंभ किया । विज्ञान से तात्पर्य एक ऐसे व्यवस्थित ज्ञान से है जो विचार, अवलोकन तथा प्रयोगों से प्राप्त किया जाता है, जो कि किसी अध्ययन की प्रकृति या सिद्धांतों की जानकारी प्राप्त करने के लिए किए जाते हैं । विज्ञान शब्द का प्रयोग ज्ञान की ऐसी शाखा के लिए भी किया जाता है, जो तथ्य, सिद्धांत और तरीकों का प्रयोग और परिकल्पना से स्थापित और व्यवस्थित करता है ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

किसी व्यक्ति के जीवन के कुछ सबसे दिलचस्प और यादगार वर्ष स्कूल में बिताए गए वर्ष होते हैं । यह किसी व्यक्ति के जीवन का वह आनंददायक और मनमोहक समय होता है, जिसमें खुशी और हँसी-मजाक होता है और वयस्कता के साथ आने वाली सभी चिंताओं से रहित होता है ।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।

2) सर्वनाम शब्द लिखिए ।

3) विशेषण शब्द लिखिए ।

4) क्रिया शब्द चुनकर लिखिए ।

---

K23U 1962

Reg. No. : ..................................

Name : ......................................

NAVAJYOTHI COLLEGE KANNUR DT. 670511 POST BAG No. CHERUPUZHA

**II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc. (LRP)/B.A./B.Sc. Degree (CBCSS – OBE – Regular/Supplementary/Improvement) Examination, April 2023 (2020 Admission Onwards)**

**II Semester Integrated M.Sc. (Reg./Supple./Imp.) Examination, April 2023**

**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**

**2 A08 – 2 HIN : साहित्य और प्रयोग – (Sahithya aur Prayog)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'पंचलाइट' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

2) 'परीक्षा' कहानी का उद्देश्य एवं सन्देश क्या है ।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

3) परीक्षा शुल्क भरने के लिए पैसे माँगते हुए एक पत्र लिखिए ।

4) एक कंपनी के निर्मानकर्ता द्वारा ग्राहक को माल पहुँचाने की सूचना देते हुए एक पत्र तैयार कीजिए ।

5) मुहल्ले में सार्वजनिक नल लगवाने केलिए नगर निगम अधिकारी को एक शिकायती पत्र तैयार कीजिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

6) घर में सहेली के साथ एक वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) पुस्तकालय में नयी पुस्तक संबन्धी जानकारी के बारे में एक वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्य में लिखिए । **(4×1=4)**

8) संज्ञा क्या है ? कितने भेद है ?

9) क्रिया किसे कहते है ?

10) काल किसे कहते है ? कितने भेद है ?

11) पुरुषवाचक सर्वनाम क्या है ? सोदाहरण समझाइए ।

P.T.O.

V. मुहावरे और कहावतों का **सही** अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) आग में घी डालना

13) अंकुश रखना

14) अंग अंग खिल उठना

15) अन्धे की लकडी

16) अपना उल्लू सीधा करना

VI. किसी **एक** खंड का **अग्रेज़ी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) आजकल कागज़ बहुत महँगा होगया है । इसका दाम पहले की अपेक्षा तीन गुना लगता है । कभी-कभी मिलता भी नहीं है । इसलिए कागज़ का उपयोग करने में सावधान रहना चाहिए । अब मैं बताऊँगा कि कागज़ के विषय में गान्धीजी कितने सावधान थे । प्रतिदिन वे सैकडों चिट्ठियाँ पाते थे । गान्धीजी उन पत्रों को फेंकते नहीं थे । वे उनकी पीठ पर अपने पत्रों के मसौदे लिखते थे । कभी-कभी वे उन पर अपने 'हरिजन' केलिए लेख भी लिखते थे । वे अपने उपयोग केलिए कागज़ बिलकुल नहीं खरीदते थे ।

18) ताजमहल एक अत्यन्त प्रसिद्ध भवन है । वह संसार के आश्चर्यों में से एक है । यह आगरा में यमुना के तट पर स्थित है । इसका निर्माण शाहजहाँ ने कराया था । उन्होंने इसे अपनी प्रिय पत्नी मुमताज़ महल की स्मृति में बनाया था । इस ऐतिहासिक भवन को देखने केलिए दूर-दूर से लोग आते हैं । वर्षा ऋतु में जब सभी ओर के दृश्य अतीव सुन्दर होते है, तब इसे देखना अत्यन्त आनन्दप्रद होता है सैकडों वर्ष व्यतित हो चुके है, किन्तु इसका सौन्दर्य वैसा ही है जैसा कि उस समय था जब इसका निर्माण हुआ था ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

19) प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में विद्यालय का बहुत महत्व होता है । प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति अपने जीवन में शिक्षा ग्रहण करने का आरंभ विद्यालय से ही करता है । विद्यालय में दी जानेवाली शिक्षा का स्तर अच्छा होगा तो विद्यार्थियों का स्तर भी अच्छा होगा । एक विद्यालय हज़ारों विद्यार्थियों के हृदय में ज्ञान का प्रकाश भर देते हैं । श्रेष्ठ अध्यापकों और अध्यापिकाओं को विद्यार्थी अपने जीवन में सदा स्मरण रखते है । वे अपने विद्यालयों को भी नहीं भूलते ।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।

2) सर्वनाम शब्द लिखिए ।

3) विशेषण शब्द लिखिए ।

4) क्रिया शब्द चुनकर लिखिए ।

---

K22U 1262

Reg. No. : ................................

Name : ....................................

**II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc.(LRP)/B.A./B.Sc. Degree (CBCSS – OBE – Regular/Supplementary/Improvement) Examination, April 2022**
**(2020-2021 Admissions)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08–2HIN : साहित्य और प्रयोग (Sahithya Aur Prayog)**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम-से-कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'परीक्षा' कहानी में नये दीवान की नियुक्ति के लिए किस प्रकार की परीक्षा का वर्णन हुआ है ?

2) 'बिछडे हुए' कहानी का उद्देश्य और सन्देश स्पष्ट कीजिए ।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

3) नवोदय विद्यालय, हैदराबाद में एक हिन्दी अध्यापक का पद खाली है । एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

4) कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए किसी पुस्तक प्रकाशक के नाम पत्र लिखिए ।

5) परीक्षा शुल्क भुगताने के लिए 1500 रुपये माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

6) नये रोगों और स्वास्थ्य संरक्षण के बारे में स्वास्थ्य मंत्री के साथ पत्रकार का वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) कपडे की दुकान में दुकानदार और ग्राहक के बीच वार्तालाप ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए । **(4×1=4)**

8) संज्ञा की परिभाषा देकर उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

9) सर्वनाम किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर व्यक्त कीजिए ।

10) सकर्मक और अकर्मक क्रिया के भेद को समझाइए ।

11) भविष्यतकाल किसे कहते हैं ? कितने भेद हैं ? समझाइए ।

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) अपना उल्लू सीधा करना ।

13) कलई खुलना ।

14) जलती आग में घी डालना ।

15) गुरु गुड ही रह गया, चेला बन गया शक्कर ।

16) नाच न आवे आँगन टेढा ।

VI. किसी **एक** खण्ड का **अंग्रेज़ी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) ताजमहल एक अन्यन्त प्रसिद्ध भवन है । यह संसार के आश्चर्यों में से एक हैं । यह आगरा में यमुना के दक्षिणी तट पर स्थित है । इसका निर्माण शाहजहाँ ने कराया था । उन्होंने इसे अपनी प्रिय पत्नी मुमताज महल की स्मृति में बनवाया था । इस ऐतिहासिक भवन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं । वर्षा ऋतु में जब सभी ओर के दृश्य अतीव सुंदर होते हैं तब इसे देखना अत्यन्त आनन्दप्रद होता है ।

18) साल का पहला दिन है । जो वर्षा कल तक था वह सदा के लिए चला गया है । अब यह वापस नहीं आएगा । काल अनन्त है । समय का प्रवाह अजस्र है, निरन्तर है । पिछला साल बीत गया । अब नया साल चालू हुआ । लेकिन बीच में जोड दिखाई नहीं पडता है । जलधारा की तरह समय की धारा है । नदी बहकर अनन्त समुद्र में विलीन होती है, फिर भी बहती रहती है । साल समाप्त होकर अनन्त काल में विलीन हो गया और नया साल शुरू हो गया ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढकर उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

19) मैं एक मलयालम भाषी हूँ । मेरी माँ हिन्दी अध्यापिका का काम करती थी । इसलिए बचपन से ही मेरे मन में हिन्दी भाषा के प्रति प्रेमभाव हुआ था । स्कूल में पढ़ते समय मुझे 'कफन' पढ़ने का सौभाग्य मिला । वही कहानी मैं ने बार-बार पढी । उस दिन में ही वह मुझे बहुत अच्छा लगा ।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।

2) सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए ।

3) विशेषण शब्द लिखिए ।

4) क्रिया शब्दों को चुनकर लिखिए ।

---

K21U 3513

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

**II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc.(LRP) Degree (CBCSS – OBE – Reg.) Examination, April 2021**
**(2020 Admission Only)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08 – 2HIN : साहित्य और प्रयोग (Sahithya Aur Prayog)**

Time : 3 Hours    Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।    **(1×7=7)**

1) 'परीक्षा' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2) 'पंचलाईट' कहानी का विश्लेषण कीजिए।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।    **(2×5=10)**

3) अपने गाँव के पुस्तकालय के लिए पुस्तकें माँगते हुए राजकमल प्रकाशन, वयनाड के प्रबन्धक के नाम पर एक पत्र तैयार कीजिए।

4) शहर के पेयजल की अव्यवस्था के बारे में बताते हुए जिलाधीश को एक पत्र लिखिए।

5) अरविन्द फेब्रिक्स, मुंबई में प्रबन्धक का पद खाली है। प्रस्तुत पद के लिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।    **(1×5=5)**

6) ऑन–लाइन शिक्षण के बारे में शिक्षा मंत्री के साथ एक वार्तालाप तैयार कीजिए।

7) अपने राज्य में कृषि योग्य भूमि पर फैक्ट्रियाँ लगाई जा रही हैं। इससे किसानों की भूमि और रोटी–रोजी छिन रही है। इस संबंध में दो मित्रों के संवाद तैयार कीजिए।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्य में लिखिए।    **(4×1=4)**

8) भूतकाल की परिभाषा दीजिए । उसके कितने भेद है ?

9) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

10) सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया का अंतर क्या है ?

11) कारक किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद है ?

P.T.O.

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए। (5×1=5)

12) डूबते को तिनका सहारा

13) होश उड़ जाना

14) दीवार के भी कान होते हैं

15) अँधेरे घर का उजाला

16) खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

VI. किसी **एक** खंड का **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए। (1×5=5)

17) एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। 14 सितंबर, 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था।

18) आधुनिक युग में अनुवाद की महत्ता व उपादेयता को विश्वभर में स्वीकारा जा चुका है। आज के वैज्ञानिक युग में अनुवाद बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया है। यदि हमें दूसरे देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है, तो हमें उनके यहाँ विज्ञान के क्षेत्र में, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी होनी चाहिए और यह जानकारी हमें अनुवाद के माध्यम से मिलती है। भारत जैसे विशाल राष्ट्र की एकता के प्रसंग में भी अनुवाद की आवश्यकता असंदिग्ध है।

VII. अवतरण पढ़ कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4×1=4)

19) सब तुम्हारे गुणों से प्रभावित थे । सब तुम्हारी वीरता से डरते थे। कायरों की भांति, रक्तपात से बचने के प्रयत्न में न्याय और सत्य का बलिदान कर बैठे। वे यह नहीं समझ पाए कि भय जिसका आधार हो, वह शांति टिकाऊ नहीं हो सकती।

1) इस अवतरण के सर्वनाम शब्द चुन कर लिखिए।

2) भूतकाल को सूचित करनेवाले शब्दों को चुन कर लिखिए।

3) कारक चिह्नों को चुन कर लिखिए।

4) बहु वचन शब्दों को चुन कर लिखिए।

---